हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 धनुहर नाले में फंसा ट्रक आवागमन प्रभावित



# दवा दुकान में लगाया इंजेक्शन, बच्चे की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

झोलाछाप द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। पैर में हुए घाव के लिए परिजन दवाई लेने के लिए मेडिकल दुकान में गए हुए थे। इस दौरान उनसे घाव सूखने के नाम पर इंजेक्शन लगाया जिससे बच्चे की तबियत बिगड़ गई। बच्चे को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

■ कपैर में घाव होने पर लेकर गई थी मां, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी 7 वर्षीय अनमोल एक्का आ. जितेंद्र एक्का के पैर में घाव हुआ था। घाव होने पर बच्चे की मां सुशीला एक्का 24 सितंबर की रात 8.30 बजे उसे लेकर नगर के शम्भू मेडिकल स्टोर गई हुई थी। महिला का आरोप है कि दवा दुकान व क्लिनिक संचालक शम्भू विश्वकर्मा ने बच्चे को टेक्सिम 500 इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने से साथ ही बच्चा बेहोश हो गया जिसके बाद दुकान संचालक खुद ही महिला के साथ जिला अस्पताल में ले गया। जिला अस्पताल में बच्चे की हालत गंभीर होने और मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जहां से देर रात बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजन शव लेकर वापस बलरामपुर लौट आए। इस घटना से परिजन सदमे में है इसके साथ ही लोगों में भी रोष का माहौल है।



## पुलिस ने शुरू की जांच

बच्चे की मौत के बाद बच्चे की मां ने बलरामपुर कोतवाली थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। थाना प्रभारी भापेंद्र साहू का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

### दवा दुकान की आड़ में क्लिनिक

बताया जा रहा है कि शम्भू विश्वकर्मा द्वारा दवा दुकान की आड़ में क्लिनिक का संचालन किया जाता है। दुकान के पीछे झोलाछाप लोगों का उपचार करता है। शम्भू विश्वकर्मा की लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी शम्भू विश्वकर्मा अवैध रूप से क्लिनिक का संचालन करता था जिसे स्वास्थ्य विभाग ने सील किया था लेकिन बाद में उसने दवा दुकान खोल लिया और दवा दुकान की आड़ में क्लिनिक संचालित करता है।

### की जाएगी कार्रवाई

दवा दुकान में इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे के मौत की शिकायत मिली है। मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ

## खबर संक्षेप

### विजया दशमी महोत्सव का आगाज आज से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में विगत 33 वर्षों से आयोजित हो रहे विजयादशमी महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। सरगुजा सेवा समिति के महासचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि परंपरानुसार इस वर्ष भी विजया दशमी मानस गायन प्रतियोगिता शुक्रवार को सुबह 11 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में प्रारंभ होगी। मानस गायन के प्रथम दिवस महिला मंडलियों की प्रस्तुति होगी एवं द्वितीय दिवस शनिवार को पुरूष मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। संभागीय रामचरित्र मानस गायन प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 5,000/- रूपए एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। महिला मंडली व पुरूष मंडली के विजेताओं को अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किया जाएगा वहीं हर प्रतिभागी मंडली को 1,100 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। समिति द्वारा इस वर्ष भी संभाग स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। लोक नृत्य प्रतियोगिता 29 सितम्बर को कलाकेंद्र मैदान में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी। नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी दल सुआ नृत्य व शैला नृत्य की प्रस्तुति देंगे। प्रतियोगिता में प्रस्तुति के लिए समय निर्धारित किया गया है। लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपए व स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। शैला नृत्य व सुआ नृत्य के प्रतिभागियों को अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किया जाएगा तथा हर प्रतिभागी टीम को 1,500 रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। विजय दशमी महापर्व पर 2 अक्टूबर को श्री राम मंदिर से दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा श्री श्याम राम मंदिर से जय स्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक, घड़ी चौक, गांधी चौक होते हुए पीजी कॉलेज मैदान पहुंचेगी। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण रथ के साथ श्री रामलला की झांकी, जबलपुर की झांकी, शैला नृत्य, सुआ नृत्य व धुमाल बैण्ड रहेगा। समिति द्वारा शोभा यात्रा को और भी भव्यता देने का प्रयास किया जा रहा है। विजयादशमी महापर्व संध्या 5 बजे पीजी कॉलेज मैदान से प्रांरभ होगा। इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध बनारस की श्रीराम महा आरती का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा मैदान में भजन संध्या व जगराता कार्यक्रम में राजेश जायसवाल व उनकी टीम प्रस्तुति देगी। इस वर्ष आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा की टीम आतीशबाजी की तैयारियां कर रही ।

### साधुराम सेवा कुंज में वृहद् रक्तदान शिविर आज

**सूरजपुर।** कलेक्टर जिला के निर्देशन, चेयरमेन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वृहद् रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर साधुराम सेवा कुंज में 26 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति ने इच्छुक रक्तदाताओं से स्वेच्छा से रक्तदान कर महादान में सहभागी बनने की बात कही।

### पत्नी से हुआ विवाद तो पति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ हुए विवाद से पति ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन ने ग्रामीण को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ओड़गी अंतर्गत ग्राम बमना निवासी आदर साय राजवाड़े आ. स्व. इंदर साय (49 वर्ष) 22 सितंबर को शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। इसी बीच किसी बात को लेकर पत्नी विवाद करने लगी जिससे नाराज होकर पति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन गंभीर हालत में आदर साय को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## गुरूवार को तड़के ग्राम सरईडीह में हुई घटना

# वन विभाग मौत की घटनाएं रोकने में नाकाम लोनर दंतैल ने ग्रामीण को कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/धौरपुर

सीतापुर से जंगल के रास्ते ग्राम सरईडीह पहुंचे लोनर दंतैल ने एक ग्रामीण को पटक कर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने के बाद दंतैल वहां से खेतों की ओर भागा एवं घंटों आसपास के गांवों एवं सड़क पर घूमता रहा।

**खास बात**

■ वन परिक्षेत्र सीतापुर से रातों रात पहुंचा दंतैल

बीती रात वन परिक्षेत्र सीतापुर में भ्रमण कर रहा लोनर दंतैल सीतापुर सलयाडीह, चितालाता, गेरसा, अगासी जंगल के रास्ते तड़के 4 बजे ग्राम सरईडीह में दाखिल हो गया। दंतैल को बस्ती के निकट घूमता देख ग्रामीणों ने वन रक्षक एवं रेंजर को दंतैल की सूचना देने कई बार फोन लगाया लेकिन किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। भोर होने के कारण सुबह ग्रामीण अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे इसलिए अधिकांश लोगों को बस्ती में दंतैल के मौजूद होने की सूचना थी। सुबह 5:30 बजे सरईडीह निवासी तिलकराम आ.स्व.मडई राम गोड़ (60वर्ष) रोज की तरह शौच के लिए खेतों की ओर गया था तथा लौटकर घर के पास हैण्डपंप पर हाथ धो रहा था। इसी दौरान दंतैल पहुंचा एवं पीछे से तिलक राम को अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया। पटकने के बाद दंतैल ने उसे अपने पैरों से कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान अम्बिकापुर स्थित अपने आवास में सो रहे प्रभारी रेंजर श्याम लाल वर्मा को किसी ने घटना की सूचना दी तो आनन-फानन में 8.30 बजे घटनास्थल पर पहुंचे एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। पीएम उपरांत प्रशिक्षु आईएफएस एवं प्रभारी उप वन मंडलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंची एवं मृतक की पत्नी फुलासो बाई को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।



मृतक के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

### चार घंटे में किया 25 किमी का सफर

दंतैल सोमवार को सीतापुर अंतर्गत ग्राम सरगा खजूरपारा में कुंआ बनाने के लिए खोदे गए 25 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया था। इस घटना के पूर्व से ही दंतैल आक्रोशित अवस्था में है। सूचना पर बीती रात लुण्ड्रा के वनकर्मियों ने सीतापुर सीमा से उदढरा जंगल तक दंतैल का पीछा किया। दंतैल ने पूरा रास्ता जंगल के किनारे के रास्ते तय किया। दंतैल रात्रि 12 बजे जंगल में घुस गया। वन अमला पूरी रात असकला जंगल के आसपास दंतैल की टोह लेता रहा लेकिन उसकी मौजूदगी की सूचना नहीं मिल सकी। इधर दंतैल 4 घंटे में 25 किमी का सफर तय कर ग्राम सरईडीह पहुंच गया। सरईडीह में ग्रामीण को कुचलने के बाद दंतैल कर करौली बस्ती में पहुंच गया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर दंतैल हाईस्कूल मैदान का चक्कर लगाने के बाद कुछ समय आम बगीचे में बिताया तथा मुख्य मार्ग पर भ्रमण करने के बाद नदी पार कर तहसील मुख्यालय धौरपुर पहुंच गया। तहसील कार्यालय से 150 मीटर दूर खेतों में दंतैल को घूमते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया तो दंतैल की हालत को देखते हुए वन मंडल की उड़नदस्ता टीम पहुंची है। अपराह्न 4 बजे टीम के सदस्य होटल में दंतैल के जंगल से बाहर निकलने की सूचना का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान ग्राम कुदर के खेतों में दंतैल के भ्रमण करने की सूचना पर कुछ ग्रामीणों ने नाराजगी जताई तो टीम ग्राम कुदर के लिए रवाना हुई। दंतैल की मौजूदगी से क्षेत्रवासी काफी भयभीत है।

### दो महीनें में चार मौतें

वन अमले की लापरवाही से वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा में दो महीने के भीतर चार लोगों की मौत हो चुकी है वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की निगरानी नहीं होने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को समय पर हाथियों की सूचना नहीं देने के कारण जनहानि की सभी घटनाएं घटित हुई हैं। दंतैल ने 30 जुलाई को ग्राम बकिला में एक ग्रामीण की पटककर जान ले ली थी। वन अमले की लापरवाही से दंतैल ने 31 जुलाई ग्राम बेवर कोरवापारा में बाप-बेटी को मार डाला था तथा 8 अगस्त को हमले में रघुपुर के उप सरपंच शिवशंकर यादव को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। ग्राम सरईडीह में दंतैल के हमले में ग्रामीण की मौत होने के पीछे भी विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

### की जा रही निगरानी

दंतैल की निगरानी की जा रही है। वन मंडल की उड़नदस्ता टीम को तैनात किया गया है। वन अमले को दंतैल की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क करने के निर्देश दिए गए

-अभिषेक जोगावत,
डीएफओ, सरगुजा

बताया जा रहा है कि दंतैल के सलयाडीह जंगल की ओर जाने पर सीतापुर के वनकर्मियों, रेंजर श्री वर्मा सहित लुण्ड्रा के वनकर्मियों को दंतैल के मौजूदगी की सूचना देने की जरूरत नहीं समझी एवं अपने घरों में सोते रहे। वन विभाग न तो हाथियों से हो रही जनहानि को लेकर गंभीर नजर आ रहा है न ही जनहानि को रोकने की ही कोई कारगर पहल कर रहा है।



स्वच्छता सेवा के तहत झाड़ू लगाती महापौर व अन्य अधिकारी।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

# जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिकों ने किया सामूहिक श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता ही सेवा व स्वच्छोत्सव पखवाड़ा के तहत गुरुवार को नगर निगम में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महापौर श्रीमतीं मंजूषा भगत के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने सामूहिक भागीदारी से श्रमदान किया।

■ एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश

इस दौरान महापौर श्रीमतीं भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आयोजित यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसे हम सभी को अपनी आदत और जीवनशैली में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर पहले से ही स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अग्रणी रहा है और इस तरह के सामूहिक प्रयासों से हम स्वच्छ और आदर्श शहर के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेंगे। श्रमदान कार्यक्रम की शुरुआत में सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह समाज की जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति यदि अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल की साफ-सफाई पर ध्यान दे तो हमारा शहर स्वच्छता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।स्वच्छोत्सव के अंतर्गत कलाकेन्द्र मैदान एवं कलेक्टर परिसर में सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर और कचरा संग्रह कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों और आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रमदान के बाद पूरे परिसर में साफ-सफाई का सकारात्मक असर दिखाई दिया।

अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्वच्छताग्राही दीदीयां, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया और साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद, कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, निगम आयुक्त डी.एन. कश्यप सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल पूल कोटा से नेपाल की छात्रा ने लिया प्रवेश

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार से सेंट्रल पूल कोटा से भी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन नेपाल की छात्रा ने कॉलेज पहुंचकर एडमिशन लिया। इस दौरान कॉलेज के अधिष्ठाता, अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने छात्रा का एडमिशन लेटर सौंपा। इसके साथ ही कॉलेज में ऑल इंडिया कोटा से भी प्रवेश की प्रक्रिया जारी है।

■ अधिष्ठाता, अधीक्षक की मौजूदगी में दिया गया एडमिशन



बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र में 2025-26 एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कुल 125 सीटों में से स्टेट कोटा में 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 और सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटें स्वीकृत है। मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा के लिए पहले चरण में ही 96 छात्र छात्राओं ने यूजी की कक्षाओं में प्रवेश लिया है जबकि ऑल इंडिया कोटा से भी अब तक 8 छात्र छात्राएं एडमिशन ले चुके है। बुधवार को कॉलेज में सेंट्रल पूल कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। कॉलेज में सेंट्रल पूल कोटा से नेपाल की छात्रा संजना यादव ने एडमिशन लिया है। कॉलेज में सेंट्रल पूल कोटा से प्रवेश लेने आई छात्रा संजना यादव के दस्तावेजों की जांच की गई जिसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीट पर एडमिशन लिया गया। इसके साथ ही कॉलेज में सेंट्रल पूल कोटा से नेपाल की एक अन्य छात्रा को सीट स्वीकृत किया गया था लेकिन वे एडमिशन के लिए नहीं आई। ऐसे में शेष दोनों सीटों के लिए फिर से नाम जारी किए जाएंगे। वहीं ऑल इंडिया कोटा के दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया गुरुवार तक चलेगी जबकि स्टेट कोटा के दूसरे चरण की प्रक्रिया 25 सितम्बर से शुरू हो रही है। इस दौरान इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम, अधीक्षक डॉ. रमेश आर्य, प्रवेश प्रभारी डॉ. रंजना सिंह आर्या, संवीक्षा प्रभारी डॉ. आभा एक्का, डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव, समन्वयक डॉ. परमानंद अग्रवाल और डॉ. राकेश निगम मौजूद थे।

## श्याम घुनघुटा बांध में एसडीआरएफ की टीम ने किया काल्पनिक अभ्यास

# राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉकड्रिल का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्राकृतिक आपदाओं से समय रहते निपटने और राहत-बचाव कार्यों में दक्षता लाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के श्याम घुनघुटा बांध में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

### बताए गए बचाव के उपाय

जिला सेनानी एसके कठोतिया ने कहा बताया कि इस अभ्यास में पानी के अंदर डूबे व्यक्ति को स्कूबा डाइविंग की मदद से सुरक्षित निकालने का तरीका प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति या जवान पानी में बह रहा हो, तो उसे चिन-मेथड द्वारा रेस्क्यू करके सुरक्षित बाहर निकाला जाता है। ऐसे बचाव में यह सुनिश्चित किया जाता है कि व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। अगर कोई व्यक्ति लगातार बहते पानी में है, तो लाइफबाय और रस्सी की मदद से उसे बचाया जा सकता है। रेस्क्यू टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में फंसे लोगों को लाइफ जैकेट पहनाकर मोटरबोट की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। अभ्यास में जवानों और नागरिकों को यह भी सिखाया गया कि आपातकालीन स्थिति में उपलब्ध घरेलू या स्थानीय सामग्री जैसे बांस, डेचकी, डब्बे और पानी की बोतलें का उपयोग कर डूबे हुए व्यक्ति या फंसे हुए लोगों को बचाया जा सकता है।

### घर को जैक से उठाकर किया रेस्क्यू

बांध टूटने से निचले हिस्से में बने घरों में मलबा भर जाने की स्थिति भी परिकल्पित की गई। इस दौरान दबे हुए व्यक्ति को मलबा हटाकर, एयर लिफ्टिंग जैक से घर को उठाकर बाहर निकाला गया और घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर के माध्यम से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। रेस्क्यू दल ने यह भी प्रदर्शित किया कि डूबते हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए घरों में उपलब्ध सामान्य सामान जैसे बांस-बम्बू, पानी के डब्बे, प्लास्टिक की बोतलें और डेचकी का उपयोग जीवन रक्षक साधन के रूप में किया जा सकता है। साथ ही प्राथमिक उपचार में सीपीआर और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीम को मौके पर तैनात किया गया। राहत सामग्री वितरण और आपूर्ति प्रणाली की कार्यप्रणाली का भी परीक्षण किया गया।

इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व अमला, फायर ब्रिगेड तथा पंचायत प्रतिनिधियों ⏭ शेष पेज 4 पर



# 40 लाख के गांजा अफीम व डोडा को किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए नशीले पदार्थों को पुलिस लाईन परिसर में अस्थायी भट्ठे में जलाकर नष्ट किया गया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की देखरेख में कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 28 प्रकरणों में जब्त 171.041 किलोग्राम गांजा एवं 23 नग गांजा का पौधा, अफीम 130 ग्राम, डोडो 1.772 किलोग्राम को नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नष्टीकरण की प्रक्रिया गठित टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो और जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल, पर्यावरण अधिकारी बीबी ध्रुव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने युवाओं व नागरिकों को नशे से बचाने के लिए भविष्य में भी निरंतर मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकलित है। इस दौरान डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक जावेद मियादांद, वन विभाग के महेन्द्र प्रसाद सहित पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा पंडाल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल



**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एमसीबी जिले के ग्राम नेवरी स्थित दुर्गा पंडाल में माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किए एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्रामवासियों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधितों को शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने ग्राम पैनारी स्थित दुर्गा पंडाल में माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त।

### दफ्तर से निकले अधिकारी पहुंचे स्कूल देखने



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, आश्रम शाला, राशन दुकान और स्वास्थ्य केन्द्र का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश के बाद इसका असर अब दिखने लगा है। कई विभागों के अधिकारी अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्रों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने केवल व्यवस्थाओं का निरीक्षण ही नहीं किया, बल्कि भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए स्वयं भोजन भी किया। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों को समय पर नाश्ता और भोजन देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यकर्ताओं से गर्भवती महिलाओं को वितरित किए जाने वाले कोरिया मोदक लड्डू के बारे में जानकारी प्राप्त की। विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाई और अन्य सुविधाओं की भी जांच की गई।

## झुमका जलाशय में चली मॉक एक्सरसाइज

# मॉकड्रिल : 2 मछुवारे समेत 10 लोगों की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के प्रमुख झुमका जलाशय में डूबते 2 व्यक्तियों को जवानों द्वारा तत्परता से निकाला गया। दो मछुवारे सहित 10 पर्यटक जलाशय के टापू में फंस गए थे। रेस्क्यू टीम ने बड़ी तत्परता के साथ सभी को सकुशल बाहर निकालने में सफल हुए। 25 सितंबर को कोरिया जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से झुमका जलाशय में व्यापक मॉक ड्रिल (मॉक एक्सरसाइज) किया।

यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, छग राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जलाशय क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल कर ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए गए। अभ्यास में यह दशार्या गया कि बाढ़ जैसी आपदा आने पर किस प्रकार तेजी से राहत और बचाव कार्य किया जाए तथा डूबते लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। वहीं नाव पलटने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित बचाने की तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया। टीम ने बाढ़ के तेज बहाव में फंसे ग्रामीणों को निकालने की प्रक्रिया को समझाया। पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकालकर फायर कर्मियों द्वारा एम्बुलेंस से स्वास्थ्य टीम तक पहूंचाया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार देना। आपदा प्रबंधन टीम ने ग्रामीणों को बताया कि बाढ़ जैसी स्थिति में घबराएं नहीं, सुरक्षित ऊंचाई वाले स्थानों पर पहुंचे, बच्चों और बुजुर्गों को पहले सुरक्षित करें तथा नाव या रस्सी का उपयोग कर बचाव दल का सहयोग लें।







झुमका जलाशय में की जा रही मॉकड्रिल।

### हसदेव नदी किनारे बाढ़ आपदा मॉकड्रिल

**मनेन्द्रगढ़।** गुरूवार को तहसील नागपुर अंतर्गत हसदेव नदी इंटकवेल तथा ग्राम पंचायत लाई स्थित वन विभाग नर्सरी परिसर में बाढ़ आपदा मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एलेक्स टोप्पो तथा तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अभ्यास की शुरूआत नदी के टापू में फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकालने से हुई। इसके बाद तेज बहाव में डूबते व्यक्तियों को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाने, पेड़ों की डालियों और पुल पर फंसे लोगों को मोटर बोट एवं रेस्क्यू रस्सियों की मदद से बाहर लाने का अभ्यास किया गया। बाढ़ से ढहे मकानों में दबे लोगों को निकालने और सर्पदंश पीड़ितों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराकर अस्पताल तक पहुंचाने की प्रक्रिया का भी जीवंत प्रदर्शन किया गया। मॉकड्रिल के सफल संचालन में सतीश उपाध्याय, सुभाष द्रुबे, मोहर सिंह मराबी, संजय गोंड़, प्रमोद साहू, विनय श्याम, अजय भगत, सतीश मालवीय, संतोष सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धनमत सिंह, रमेश सिंह, ज्ञान चंद, शिव चरन, दिलीप, सुचिता, रश्मि किरण मिंज, अमिना एक्का, लेखा प्रजापति, पुष्पा राजवाड़े, दुर्गा सिंह तथा महेश एक्का का सराहनीय योगदान रहा।

# धनुहर नाले में फंसा ट्रक आवागमन प्रभावित



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम मनसुख में बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर धनुहर नाले में गुरूवार की दोपहर के समय एक लोडेड ट्रक पुलिया के एक छोर में लुढ़क कर फंस गया था, इसके चलते इस मार्ग पर कुछ देर केलिए आवागमन बाधित हो गई थी और दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई थी।

■ हादसों का गढ़ माना जाता है धनुहर नाला

मिली जानकारी के अनुसार के 25 सितंबर की दोपहर के समय बैकुंठपुर की ओर आ रही एक लोडेड ट्रक जब ग्राम मनसुख के पास स्थित धनुहर नाला को पार कर चढ़ाई कर रहा था, इसी दौरान ट्रक बेक होकर पुलिया के किनारे हिस्से में फंस गया। इस घटना में किसी प्रकार की कोई हादस चालक की सुझबूझ से टल गया अन्यथा बड़ा हादस हो सकता था। कुछ देर तक लोडेड ट्रक नाला के पुलिया के एक छोर में फंस गया था ,बाद में चालक वाहन को किसी तरह आगे बढ़ाते हुए निकाल लिया और फिर आवागमन सुचारू हो गया। उल्लेखनीय है कि बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर करीब 10 किमी की दूरी पर ग्राम मनसुख में धनुहर नाले में आए दिन लोडेड वाहन दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। धनुहर नाले में प्रतिवर्ष भारी वाहन पुलिया पार करने के बाद चढ़ाई करते वक्त दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं।

### उच्च स्तरीय पुल की मिल चुकी है स्वीकृति

धनुहर नाले में प्रतिवर्ष दर्जनों हादसों के बाद उक्त नाले में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। यहां पर उच्च स्तरीय पुल बन जाने के बाद हादसो में कमी आएगी। वर्तमान में धनुहर नाले में छोटी रपटा वाली पुलिया है, इसके चलते भारी बरसात में पुलिया के उपर से पानी का बहाव होने लगता है और यातायात प्रभावित होता है साथ ही छोटी पुलिया के पास अचानक मोढ़ व चढ़ाई है, यही दुर्घटना का कारण बनता है।

# एड्स एवं पोषण जागरूकता आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



रेडरिबन क्लब एवं गृहविज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के द्वारा आयोजित राज्य रजत जयंती समारोह अंतर्गत सेवा पखवाड़ा में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में गृहविज्ञान विभाग यूथ रेडक्रॉस सोसयटी, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयांतर्गत, एड्स की रोकथाम एवं एड्स जागरूकता व्याख्यान राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जीवन शैली शिक्षण एवं आहार एवं पोषण विषय पर विस्तृत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राज्य गीत के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर एवं बैच लगाकर किया गया। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजकुमार खाती द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के, बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में और आंगनबाड़ी योजनाओं को विस्तार से बताया। एड्स जागरूकता के बारे में संबोधन देते हुए कहा कि एड्स एक घातक रोग है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट कर देता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने विषयांतर्गत बालिकाओं संबोधित करते हुए कहा कि सभी व्यक्तियों का जीवन आहार पर आधारित है जैसा खाए अन्न वैसा बने मन यहां कहावत हमारे जीवन की सच्चाई को दशार्ती है। कार्यक्रम डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशील कुमार तिवारी, रजीतमनी सतनामी, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, कमलेश पटेल, सुशील छात्र, थनेन्द्र कश्यप, अभिषेक सिंह, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनित जॉनसन बाड़ा एवं साधना बुनकर उपस्थित रहे।

### वित्तीय समावेशन के लिए विशाल बैंकिंग शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की सिंघाट ग्राम पंचायत में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पहल पर एक दिवसीय विशेष बैंकिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिले की सभी प्रमुख बैंकों की शाखाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, छग राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक की शाखाएं मौजूद रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और खाताधारकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर तक देशभर में चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में मुख्य रूप से जनधन खातों की केवाईसी, नए खाते खोलने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत कार्य किए गए।

# साक्ष्य पहचान और ट्रैप कैमरा संचालन को लेकर प्रशिक्षण



**बैकुंठपुर।** बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष साक्ष्य की पहचान व ट्रैप कैमरा संचालन विधि आदि का प्रशिक्षण कोरिया वनमंडल बैकुंठपुर के वन प्रशिक्षण केन्द्र में विभाग के कर्मचारियों को दिया गया। उक्त प्रशिक्षण डब्ल्यू डब्ल्यूएफ इंडिया मध्य भारत भू-क्षेत्र के प्रशिक्षक उपेन्द्र कुमार दुबे (सीनियर प्रोजेक्टर ऑफिसर टाईगर विंग एसएमएल टीसीपी, डब्लूडब्लूएफ इंडिया) के द्वारा दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण में वनमंडलाधिकारी कोरिया, परिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर, सोनहत एवं देवगढ़ तथा क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में वन्यजीव साक्ष्य एवं व्यवहार, बाघ का इतिहास एवं उनकी संख्या तथा पहचान के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया। वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्र बैकुंठपुर एवं गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के समीप परिक्षेत्र सोनहत के कर्मचारियों को बाघ के प्रजाति की पहचान, पदचिन्हों के प्रकार एवं पहचान, उनके गतिविधि का अनुश्रवण, चिन्हों-साक्ष्यों की पहचान सर्वेक्षण के साथ-साथ वनों में वन्यप्राणियों की गणना के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, श्रीमती रेखा सिंह (Rekha Singh), पति श्री लक्ष्मी सिंह (Laxmi Singh), आयु लगभग 47 वर्ष, निवासी-नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि आशुतोष सिंह (Ashutosh Singh) मेरा पुत्र है। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड (क्रमांक 5770 5507 0607) में करन सिंह दर्ज है। मेरे पुत्र आशुतोष सिंह (Ashutosh Singh) का सही एवं वास्तविक नाम आशुतोष सिंह (Ashutosh Singh) ही है, जो कि उसके शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं जन्म प्रमाण-पत्र में भी अंकित है।

मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में उसका सही नाम आशुतोष सिंह (Ashutosh Singh), पिता लक्ष्मी सिंह (Laxmi Singh) दर्ज कराए जाने हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
श्रीमती रेखा सिंह
पति श्री लक्ष्मी सिंह
निवासी- नमनाकला, अम्बिकापुर,
तहसील अम्बिकापुर,
जिला- सरगुजा (छ.ग.)

# गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**बैकुण्ठपुर।** जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन कलेक्ट श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह अभियान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत जिले में निरंतर क्रियान्वित किया जा रहा है। आज की थीम छत्तीसगढ़ की महतारी-हम सब की जिम्मेदारी के अंतर्गत जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पताल में गर्भवती और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, उपचार, टीकाकरण, आवश्यकता अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सोनोग्राफी सुनिश्चित की गई। महिलाओं को संतुलित आहार, पोषण और निर्धारित समय पर गर्भावस्था जांच के महत्व में बारे में जागरूक किया गया।

### मंगली दीदी बनीं महिलाओं की प्रेरणा

**बैकुण्ठपुर।** आदि कर्मयोगी अभियान और छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा भरी है। सोनहत विकासखंड के छोटे से गांव अंगवाही की मंगली दीदी ने इसी योजना का लाभ उठाकर टमाटर उत्पादन के जरिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

**-: ईश्तहार :-**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-संजयनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरला अग्रवाल पति कृष्ण कुमार अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम जवाहर मार्केट अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम संजयनगर, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पिलखा, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 337/2, 339/3 रकबा क्रमशः 0.280. 0.15 हे. कुल रकबा 0.430 हे. कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 6.10.25 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22-9-25 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विशेष कर्त्तव्याधिकारी**
**भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

**-: ईश्तहार :-**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-संजयनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल गर्ग आ. कृष्ण कुमार अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम जवाहर मार्केट अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम संजयनगर, प.ह.नं. 53. रा.नि.मं. पिलखा, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 337/3, 338/2, 339/2 रकबा क्रमशः 0.07. 0.21, 0.12 हे. कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 6.10.25 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22-9-25 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विशेष कर्त्तव्याधिकारी**
**भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर**

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 21 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 20 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM,(Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन)डी.एन.बी. (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी, एस.सी.ई (गैस्ट्रो)
श्वास,छाती,एलर्जी एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा MD,(T.B.,& Respiratory Diseaseas)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.के.साहू MD,DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH,Neurosurgery
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी M.D.,D.M.,Cardiology
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho,MRCS Joint Replacement and Trauma Surgeon
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल.द्वय
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
28 सितम्बर 2025,माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### प्लास्टिक मुक्त करने मिनी स्टेडियम मैदान में किया गया श्रम दान

**वाड्रफनगर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय रघुनाथनगर में 'सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर शपथ लिया गया। तत्पश्चात रघुनाथनगर के मिनी स्टेडियम को स्वच्छ बनाने तथा प्लास्टिक मुक्त करने हेतु मिनी स्टेडियम मैदान में श्रमदान किया गया। इस दौरान रघुनाथनगर ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामीणों द्वारा भी श्रम दान किया गया। साथ ही कैसे इस मिनी स्टेडियम मैदान को और बेहतर बनाया जाए इस पर भी विचार-मंथन किया गया। इस कार्य योजना हेतु पंचायत स्तर से सहयोग मिलने की बात रखी गई।

### विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की अगुवाई में चला सफाई अभियान




**रामानुजनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत रामानुजनगर में एक विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी, जनपद सीईओ संजय राय, एसडीएम जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। विशेष अभियान की शुरुआत रामानुजनगर की अत्यधिक गंदगी वाले क्षेत्रों से की गई, जहां कचरा हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि धूल-मिट्टी हटाने मात्र से गांव का निर्माण नहीं होगा, बल्कि हमें सोच और व्यवहार में भी बदलाव लाना होगा। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि मोदी के सपनों का राष्ट्रीय जन आंदोलन है और इसकी सफलता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें न केवल स्वयं गंदगी फैलाने से बचना है, बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने से रोकना है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सुपरवाइजर, कर्मचारी, जनपद पंचायत के अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, संत साहू, जयप्रकाश उपाध्याय, मोनिका सिंह, कौशलेंद्र दुबे, हजारी लाल साहू, पवन सिंह, सौभाग्य दुबे, अनूप दुबे, अर्जुन साहू, दशरथ गुप्ता, प्रियंका, राम सिंह तथा अन्य नागरिकों ने भाग लिया।

### ग्राम तिवरागुडी में शोकाकुल परिवार से मिलीं शशि सिंह



**रामानुजनगर।** ग्राम तिवरागुडी में आज राष्ट्रीय सचिव सुश्री शशि सिंह शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाने पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिवार के मुखिया लक्ष्मण रवि एवं अन्य परिजन से व्यक्तिगत रूप से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा इस कठिन समय में हर संभव सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। सुश्री शशि सिंह ने कहा कि यह दुखद घड़ी केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की पीड़ा है और कांग्रेस पार्टी ऐसे समय में अपने लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने जिला प्रशासन से समन्वय कर पीड़ित परिवार को तत्काल राहत और सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही। इस दौरान इस्माइल खान, भूपेंद्र साहू, जगदीश, सहित कांग्रेस परिवार के अन्य पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### सज्जन गोयल



**सूरजपुर।** नगर के नेहरू पार्क रोड निवासी व्यवसायी अवधेश गोयल व विकास गोयल नीटू के पिता सज्जन गोयल का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे प्रवेश गोयल के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मुरारी साव



**सीतापुर।** ग्राम रजपुरी के वरिष्ठ नागरिक मुरारी साव का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के संचालक एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं ओमप्रकाश गुप्ता के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार रजपुरी डोमनी नाला के तट पर किया गया। शवयात्रा में शामिल लोगों ने इन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जीएसटी 2.0 रिफॉर्म किसानों, व्यापारियों और मध्यमवर्ग के लिए सहारा

# वन नेशन वन टैक्स से आत्मनिर्भर भारत की राह और मजबूत : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों, व्यापारियों, मध्यमवर्ग एवं आमजन को राहत और सहारा मिलने पर भाजपा सरगुजा संभाग अंतर्गत व्यापार, आर्थिक एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ द्वारा अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, मुख्य वक्ता के रूप में मंत्री रामविचार नेताम, अध्यक्षता मंत्री राजेश अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना, विधायक गण संभाग के समस्त भाजपा जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि टैक्स व्यवस्था कोई नई नहीं है, यह प्राचीन काल से समाज और राष्ट्र के संचालन का आधार रही है। राजा-महाराजाओं के समय से टैक्स लिया जाता था ताकि जनता के कल्याण और राज्य के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें। लेकिन कांग्रेस के शासनकाल में टैक्स प्रणाली बेहद जटिल और असंगठित हो गई थी, जिसने व्यापारी वर्ग और आम जनता को बोझ तले दबा दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाँच स्लैब को घटाकर दो स्लैब कर टैक्स को बेहद सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया है। आज व्यापारी केवल व्यवसाय नहीं कर रहा, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। "व्यापारी वर्ग जब अपने व्यापार से आगे बढ़कर देश के लिए सोचना शुरू कर देता है, तब राष्ट्र कई गुना तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर होता है। मुख्य वक्ता मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वन नेशन, वन टैक्स की अवधारणा भारत के इतिहास में सबसे बड़ा कर सुधार है। पुराने समय में भी राजा कर वसूलते थे ताकि निर्माण कार्य और जनकल्याण हो सके, लेकिन जब-जब करों का बोझ बढ़ा, शासक अलोकप्रिय हुए। कांग्रेस शासनकाल ने भी जनता पर अनावश्यक टैक्स का बोझ डालकर यही गलती दोहराई। उन्होंने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी थी, भ्रष्टाचार चरम पर था और विकास ठप हो गया था। मोदी जी ने साहसिक निर्णय लेते हुए नोटबंदी, जीएसटी, जनधन योजना, शौचालय, गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, बिजली और सड़क जैसी योजनाओं से गरीब और किसान वर्ग को मजबूत आधार दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, लेकिन लंबे समय तक चली गुलामी और कांग्रेस शासन ने देश को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया। मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में टैक्स व्यवस्था व्यापारियों और आम जनता दोनों के लिए बेहद कठिनाई पूर्ण थी। लेकिन मोदी जी ने इसे सरल और प्रभावी बनाकर व्यापारी वर्ग को राहत दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनधन, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि, मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं के जरिए गरीब और जरूरतमंदों तक सीधी सहायता पहुंचाई। नोटबंदी और जीएसटी जैसे बड़े फैसले सामान्य नहीं थे, लेकिन इन्हीं निर्णयों ने भारत को मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में मदद की। कार्यक्रम के बीच में वरिष्ठ टैक्स अधिवक्ता सुलोचना पांडे का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रबोध मिंज, विधायक राजकुमार टोप्पो, विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व मंत्री राम सेवक पैकरा, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, महापौर मंजूषा भगत, कमलभान सिंह, मेजर अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया , मुरली मनोहर सोनी, एमसीबी चंपादेवी पावले, देवेन्द्र तिवारी , ओम प्रकाश जायसवाल , जिप अध्यक्ष निरूपा सिंह , चंद्रमणि पैकरा जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री मोदी, सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। मंच का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक मुकेश गर्ग ने किया।



जीएसटी सम्मेलन में शामिल संगठन मंत्री पवन साय, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, राजेश अग्रवाल व अन्य।



## कोल कर्मियों के सालाना बोनस को लेकर मानकीकरण समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- बोनस की राशि तय करने को लेकर हो रही चर्चा, शुक्रवार तक निर्णय आने के लग रहे कयास

लंबी जद्दोजहद के बाद आज अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घण्टे विलंब से मानकीकरण समिति की छठवीं बैठक गुरुवार को शुरू हुई है,बैठक में कोयला कामगारों के वर्ष 2025 का सालाना बोनस तय होगा, बोनस की रकम को लेकर कई तरह के कयास चल रहे हैं,यूनियन प्रतिनिधियों ने 1 लाख पांच हजार रुपए की मांग रखी है,जिस पर प्रबंधन की ओर से 90 हजार 800 रुपए की सहमति की बात कही जा रही है,बैठक की शुरुआत में प्रबंधन ने 2024-25 के प्रदर्शन का पॉवर प्रजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुत किया गया,इसके बाद औपचारिक रूप से बोनस पर चर्चा शुरुआत हुई है,सूत्रों की मानें तो बैठक कल तक चल सकती है,आज गुरूवार की बैठक में इंटक के प्रतिनिधि भी शामिल हुए हैं, बैठक में समिति अध्यक्ष उदय ए कोले,सीआईएल के निदेशक एचआर विनय रंजन,सभी कंपनियों के निदेशक एचआर के अलावा यूनियन प्रतिनिधियों में सुजीत सिंह,टीएस, पवन कुमार,शिवकांत पांडेय, शिवकुमार यादव, रियाज अहमद, रमेंद्र कुमार, हरिद्वार सिंह, डीडी रामनन्दन, आरपी सिंह, कुमार जयमंगल अनूप सिंह,एसक्यू जामा, जनक प्रसाद व अन्य शामिल हुए हैं,देर शाम तक बैठक में सालाना बोनस को लेकर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है।

## एसईसीएल रीजनल वर्कशॉप में विगत दो माह से पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कार्यरत कर्मचारियों में भारी नाराजगी
- पीने योग्य स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे कोल कर्मी, खुद से इंतजाम कर काम चला रहे




एसईसीएल बिश्रामपुर के रीजनल वर्कशॉप में कार्यरत मेहनतकश कोलकर्मी शुद्ध पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं,लगभग दो माह से यहां करीब सौ कर्मचारियों को पीने योग्य साफ पानी नसीब नहीं हो रहा है। ज्ञात हो कि वर्कशॉप परिसर में प्रबंधन ने पहले बोरिंग कराकर पाइपलाइन से टंकियों को जोड़ा था,शुरूआती दिनों में पानी की आपूर्ति सामान्य रही,लेकिन अब हालात बदतर हो गये है।

पाइपलाइन कई जगहों से फट चुकी है और पानी टंकियों तक पहुंचने के बजाय गंदगी के साथ रिसकर बाहर आ रहा है,जिस वजह से पाइप से केवल गंदा और कीचड़युक्त पानी निकल रहा है,कर्मचारियों को मजबूरी में आस-पास भटककर पीने योग्य पानी का इंतजाम करना पड़ता है।कर्मचारियों ने बताया कि गंदा पानी के उपयोग की वजह से कई कामगार बीमार हो चुके हैं,कोल कर्मचारियों ने बताया कि रीजनल वर्कशॉप में करीब 30 महिला कर्मचारी भी कार्यरत हैं, इन्हें शौचालय और सामान्य उपयोग के लिए भी साफ पानी नहीं मिल पा रहा है,मजबूरी में उन्हें काम के बीच बाहर जाकर पानी लाना पड़ता है,कई बार पानी न होने की वजह से शौचालय तक इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाता है, महिला कर्मचारियों का कहना है कि यह समस्या अब असहनीय हो चुकी है,कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार इस समस्या की लिखित और मौखिक शिकायत क्षेत्रीय प्रबंधन और सिविल विभाग से की जा चुकी है,यहां तक कि वर्कशॉप प्रबंधन ने भी सिविल विभाग को कई पत्र भेजे हैं,पर हर बार सिर्फ यही जवाब मिला कि जल्द सुधार होगा,काफी शिकायतों के बाद भी दो महीने बाद तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हो पाई है।

यहां पर कार्यरत कर्मचारियों ने कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया,तो वे आंदोलन का सहारा लेने को मजबूर होंगे।



### शंकरगढ़ बनेगा मॉडल ब्लॉक, शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार पर एसडीएम ने ली बैठक

**शंकरगढ़।** एसडीएम अनमोल टोप्पो द्वारा आकांक्षी ब्लाक शंकरगढ़ की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में शिक्षा विभाग से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। नोडल अधिकारी प्रिंसिपल्स एवं हेडमास्टर को पोर्टल पर डाटा अपडेट करने का प्रशिक्षण देंगे। इस कार्य की प्रगति की समीक्षा 13 अक्टूबर को पुनः की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सूचकांकों पर भी गहन चर्चा की गई। विशेष रूप से एनक्यूएएस रैंकिंग में सुधार पर ज़ोर दिया गया। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से विस्तृत बैठक भी आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम अनमोल टोप्पो ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में सतत सुधार लाना है। सभी विभाग मिलकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें, ताकि जिले को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर पहचान मिल सके। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय गोविंद तिवारी, सहायक शिक्षा अधिकारी विजय कंवर, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन जयसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बाढ़ एवं पुल टूटने की आपदा को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आज ग्राम देवीपुर स्थित देवीपुर जलाशय एवं छठ घाट नगरपालिका में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने मॉक ड्रिल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य एवं जिला स्तर पर बाढ़ बचाव, राष्ट्रीय राजमार्ग का पुल टूटने एवं आवागमन बाधित होने जैसी परिस्थितियों में प्रशिक्षण प्रदान करना था। छठ घाट में मॉक ड्रिल का नेतृत्व नोडल अधिकारी एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल ने किया। काल्पनिक परिस्थिति के तहत पुल टूटने एवं यातायात बाधित होने की स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन, यातायात नियंत्रण, घायलों का परिवहन एवं नाव संचालन जैसी गतिविधियां कराई गईं। मॉक ड्रिल में टूटे हुए पुल की विपरीत दिशा में फंसे हुए नागरिकों को पुल की दूसरी तरफ सफलतापूर्वक लाया गया। वहीं देवीपुर तालाब में नोडल अधिकारी एसडीएम अजय मोडियम के नेतृत्व में अतिवृष्टि बाढ़ की स्थिति का अभ्यास किया गया। इसमें गांव खाली कराने, नाव संचालन, यातायात व्यवस्था, घायलों के सुरक्षित परिवहन, पेड़ में फंसे व्यक्ति को बचाने, सर्पदंश पीड़ितों का उपचार एवं मृतकों को सुरक्षित स्थान तक ले जाने जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। इस अभ्यास में बटालियन, एनएसएस एवं डीडीआरएफ की टीम सक्रिय रहे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत की गई महिलाओं की जांच

**राजपुर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत वर्षों में पहली बार सबसे ज्यादा ओपीडी 331 रही। इस दौरान 151 गर्भवती महिलाओं के साथ ही 180 सामान्य मरीज थे। शिविर में गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जांच की गई। जांच में गर्भवती माहिलाओं की संपूर्ण जांच हमर लैब में करने के साथ ही उचित पोषण आहार एवं संस्थागत प्रसव के फायदे के बारे में जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह के दिशा निर्देश पर नवनियुक्त खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल एवं संस्था के सभी स्टाफ मरीजों की संख्या में वृद्धि पर किसी प्रकार की समस्या ना हो इस पर पूरा ध्यान रखते हुए समय सीमा पर सभी मरीजों का उपचार कर दवाई वितरण किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्पताल के व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु ब्लॉक के सभी स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि से लगातार सलाह एवं मीटिंग लेकर स्वास्थ्य सुविधा और लाभकारी तथा व्यवस्थित ढंग से हो सके इसके लिए प्रयासरत है।





### विद्यार्थियों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

**सोनगरा।** स्वच्छ भारत मिशन एवं राज्य सरकार के रजत जयंती अंतर्गत एक दिन एक घंटा एक साथ नगर पंचायत भटगांव द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता संबंधी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, स्वच्छता बनाए रखने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के पश्चात विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई कार्य किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी रजवाड़े, उपाध्यक्ष रामफल पैकरा, नगर के जनप्रतिनिधि, विद्यालय के प्राचार्य पीआर तोमर, विद्यालय के शिक्षक तथा नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## विद्युत लाइन सुधार करने गए कर्मचारी से मारपीट, आठ गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** विद्युत लाइन सुधार करने गए विद्युत कर्मी से मारपीट का मामला सामने आया है। लोगों ने कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही उसके साथ मारपीट की। अब इस मामले में।पुलिस ने अपचारी समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ 28 वर्षीय संतोष यादव आ. रामनाथ यादव अन्य कर्मियों के साथ 24 सितंबर की शाम मोहनपुर फिटर में आए फाल्ट को सुधारने के लिए अन्य कर्मचारियों के साथ गया हुआ था। इस दौरान ग्राम कोरंधा में मरम्मत कार्य होने के बाद सभी दोहना में मरम्मत कार्य कर रहे थे। लाइन स्टाफ रोड से अंदर तरफ काम कर रहे थे जबकि प्रार्थी संतोष यादव रोड में अपने ड्राइवर के साथ रहकर उनको निर्देशित कर रहा था। रात लगभग 10 बजे एक बुलेरो वाहन उनके पास आकर रुकी जिसमें से 8 लोग उतरे और उतरते ही संतोष यादव को गाली देते हुए लाइट बन्द रहने और लाइट नहीं बनाने की बात करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। इस दौरान अन्य कर्मचारियों ने बीच बचाव किया लेकिन आरोपीई मारपीर करने से बाज नहीं आ रहे थे ऐसे में उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने इस मामले में मनोहरपुर निवासी विजय सोनी आ.फेकु, विनायकपुर निवासी अंतुराम आ. रोघाराम, पोढ़ीखुर्द निवासी रंजन कुमार आ. सियाराम, मनदीप यादव आ. रामलु यादव, मनोहरपुर निवासी संतोष सोनी आ. नायुल व एक एक विधि से संघर्षरत बालक को बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 190, 191(2), 121, 132, 221 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## शाला त्यागी बच्चों का पुनः प्रवेश, शिक्षकों की पहल रंग लाई

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में आज दो शाला त्यागी बच्चों का पुनः प्रवेश हुआ। यह पहल विद्यालय के शिक्षकों के निरंतर प्रयास और अभिभावकों को समझाइश का परिणाम है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षक योगेश साहू एवं कृष्ण कुमार यादव बच्चों के अभिभावकों से संपर्क करने हेतु गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें दो बच्चे बकरियां चराते हुए मिले। जब शिक्षकों ने दोनो से बातचीत की तो पता चला कि बच्चे पिछले साल से ही स्कूल नहीं जा रहे थे। शिक्षकों ने बच्चों के पालक ज्ञान सिंह से संपर्क कर शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित किया। अभिभावक ने सकारात्मक पहल करते हुए अगले ही दिन बच्चों को विद्यालय में भेजने का आश्वासन दिया। आज राम सिंह एवं लक्ष्मण सिंह अपने पिता के साथ विद्यालय पहुंचे और दोनों का औपचारिक प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर पालक ज्ञान सिंह ने कहा कि पारिवारिक कारणों से पिछले वर्ष मैं अपने बच्चों का प्रवेश नहीं करा पाया। मुझे लगा इस वर्ष अब प्रवेश नहीं हो पाएगा, लेकिन शिक्षकों के सहयोग से मेरे बच्चों को शिक्षा का अवसर मिल सका है। विद्यालय परिवार ने बच्चों के पुनः प्रवेश पर गणवेश और पुस्तक देकर स्वागत किया।




### कीटनाशक पीने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** शादी के बाद पत्नी के छोड़ देने से परेशान युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मेण्ड्रा निवासी अनित कुमार केरकेट्टा आ. धुनेश्वर केरकेट्टा (31 वर्ष) शादी के बाद पत्नी छोड कर चली गई थी जिसके बाद से युवक तनाव में था। बीती रात अज्ञात कारण से कीटनाक पी लिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर न्यौता भोज का आयोजन

**बिश्रामपुर।** जनसंघ और फिर भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत रामनगर के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डबरीपारा में भाजपा नेता बाबूलाल यादव के द्वारा बच्चों के लिए न्यौता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया,इस दौरान उपस्थित जनों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं संघर्ष के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा की गई,आयोजन में मुख्य रूप से गांव की सरपंच संगीता सिंह,पंच रचना सिंह,डॉ सुनील श्रीवास्तव, प्रदीप प्रजापति,विजय यादव एवं संकुल प्रभारी श्रीमती जयश्री विजय,जन शिक्षक अजय गोस्वामी,आजाद मोहम्मद अंसारी,प्रधान पाठक सत्यनारायण जायसवाल,परमेश्वर राजवाड़े सहायक शिक्षक मुश्ताक अली,नरेंद्र आदित्य, देवप्रसाद सिंह, अमिया लकड़ा, गांव के पूर्व सरपंच सदानंद सिंह,दोनों विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं में एवं सहायिका उपस्थिति रहीं।



### परिजन ने इलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय जच्चा-बच्चा की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- देर रात सूरजपुर जिला अस्पताल से बेहोश हालत में किया गया था रेफर

मरीजों की सेवा के लिए सदैव तत्पर, यह स्लोगन अस्पताल में कई जगह लिखी देखी जा सकती है परंतु स्लोगन का कितना पालन किया जाता है यह तो अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीज के परिजन से बेहतर कोई और नहीं बता सकता। किसी न किसी बात को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले सूरजपुर जिला अस्पताल आज सुबह उस समय पुनः सुर्खियों में आ गया जब देर रात उपचार किए बिना ही प्रसूता को बेहोश हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुचने से पहले ही रास्ते में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजन ने जिला अस्पताल सूरजपुर के स्टाफ द्वारा उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी उपचार नहीं किया गया।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पीढ़ा आमापारा निवासी रेखा राजवाड़े पति तिलक राजवाड़े (24 वर्ष) 9 माह की गर्भवती थी। बीत रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रात लगभग 11.30 बजे प्रसूता को सूरजपुर जिला अस्पताल में दाखिल कराया। मृतिका रेखा के ससूर शोभनाथ राजवाड़े सहित परिजन ने बताया कि रात लगभग 11.30 बजे जिला अस्पताल में प्रसूता को लेकर पहुंचे। अस्पताल मे स्टाफ प्रसूता अंदर लेकर चले गए और लगभग 3 घंटे बाद देर रात लगभग 2.30 बजे प्रसूता के बेहोश हो जाने की बात कहकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन का आरोप है तीन घंटे के भीतर किसी प्रकार का उपचार नहीं किया गया जबकि प्रसूता दर्द से तड़प रही थी। दर्द ज्यादा बढ़ जाने और जब प्रसूता बेहोश हो गई तो उसे बिना उपचार किए ही रेफर कर दिया गया। इस बीच उपचार करने कई बार कहा गया लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। देर रात रेफर करने पर आज तड़के लगभग 3.30 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत जच्चा बच्चा की मौत हो जाने की बात कही। जिला अस्पताल सूरजपुर में इस प्रकार की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी है और परिजन द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगा चुके है। लोगों को जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद थी लेकिन आज भी अस्पताल पुराने ढर्रे पर ही संचालित हो रहा है जिसका खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है।


अस्पताल के बाहर अक्रोशित परिजन।

### जच्चा बच्चा थे स्वास्थ्य

परिजन ने बताया कि तिलक राजवाड़े का साल 2021 में श्रीनगर छाता पारा निवासी रेखा के साथ विवाह हुआ था। शादी के बाद एक लड़का शिशु नार्मल डिलीवरी से हुआ। दूसरी बार गर्भवती होने पर चिकित्सकों की सलाह से हर माह जांच कराई और समय से दवा दिए। जांच कराने पर जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ थे लेकिन अस्पताल स्टाफ की लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हो गई।

#### पति हुआ बेहोश

जिला अस्पताल में पत्नी की हालत गंभीर होने तथा देर रात प्रसूता को अचेत हालत में रेफर करने पर पति सहित परिजन प्रसूता को तत्काल एंबुलेंस से लेकर तड़के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा जांच कर जच्चा-बच्चा को मृत घोषित करने की जानकारी लगते ही पति मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन बेहोश हुए पति को अस्पताल में उपचार कराए जिसके बाद उसे होश आया।

#### बचाई जा सकती थी जान

परिजन का आरोप है कि प्रसूता के इलाज में लापरवाही बरतने से मौत हुई है। प्रसूता को प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराया गया। भर्ती करने के तीन घंटे तक कोई उपचार नहीं किया गया। जब प्रसूता दर्द से बेहोश हो गई तो उसे रेफर कर दिया गया। परिजन का कहना है कि प्रसूता के उपचार के लिए तीन घंटे से अधिक समय था लेकिन न तो उपचार किया गया और न ही समय पर रेफर किया गया। अगर भर्ती करने के कुछ देर बाद ही ऑपरेशन किया जाता या रेफर कर देते तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में समय पर उपचार शुरू हो जाने से जच्चा बच्चा की जान बचाई जा सकती थी।

#### कराई जाएगी जांच

परिजन ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है वह गलत है। अस्पताल में चिकित्सक व स्टाफ रात में मौजूद रहते है। प्रसूता को किस हालत में रेफर किया गया था इसकी जांच कराई जाएगी।

-अजय मरकाम
सिविल सर्जन जिला अस्पताल सूरजपुर

## पेज 1 के शेष...

### राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल...

सहित कई विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। मॉक ड्रिल के दौरान काल्पनिक परिकल्पना की गई कि क्षेत्र में लगातार भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। बाढ़ के चलते आसपास के गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। इस स्थिति में विभिन्न विभागों और आपदा प्रबंधन दलों ने समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न प्रकार की आपदा प्रबंधन गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इसमें प्रभावित गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शामिल थी। नावों और रेस्क्यू बोट्स के माध्यम से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों का सुरक्षित बचाव किया गया। डूबे हुए व्यक्ति के शव को तलाशने के लिए स्क्यूबा टीम और झग्गर का प्रयोग किया गया तथा उसे बाहर निकाला गया इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में अत्यंत सहायक होते हैं। अपर कलेक्टर एवं बाढ़ आपदा नोडल अधिकारी सुनील नायक ने कहा कि श्याम घुनघुटा डेम के पास बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में यह प्रदर्शित किया गया कि बाढ़ से प्रभावित गांववासियों को किस प्रकार सुरक्षित निकाला जा सकता है। साथ ही, ग्रामीणों को यह भी दिखाया गया कि बाढ़ की स्थिति में वे अपने घरेलू बर्तनों, कैनिस्टर और जैरिकेन जैसी उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक आपदा या आपात परिस्थितियों जैसे हार्ट अटैक की स्थिति में बेसिक सीपीआर देकर लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती है, इसका भी अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल में उपस्थित सभी प्रतिभागियों और ग्रामवासियों ने इस अभ्यास को बड़े उत्साह के साथ सीखा और इसका अनुभव किया।।इस दौरान अपर कलेक्टर रामसिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, सर्व एसडीएम एवं सर्व तहसीलदार, रक्षित निरीक्षक श्रीमती तृप्ति सिंह राजपूत, जिला सेनानी एसआई संजय गुप्ता, एसडीआरएफ प्रभारी रामलाल, एनसीसी अधिकारी नवीन त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. पी एस मार्को सहित चिकित्सा अमला एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।













